# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप



### शीतलहर से बचने अलाव बना सहारा

भरूवाडीह/सैहा/गुमा। मौसम साफ होते ही अंचल में शीतलहर का असर देखा जा रहा है। लोग ठंड से बचने अलावा का उपयोग करने लगे हैं। वहीं ठंड बचने लोग गर्म कपड़े पहने लगे हैं। वृद्ध, युवा, बुजुर्ग, सुबह ठंड के चलते घरों अलाव जलाकर ठंड से निजात पा रहे हैं। रावन निवासी योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा ने कहा सभी लोग ठंडे में स्वस्थ रहने गिलोय का उपयोग करें, ज्यादा खांसी हो तो सोने से पहले अदरक को आवश्यकतानुसार चबा-चबाकर कर सेवन करें या फिर गुड़ के साथ काढ़ा बनाकर, साथ ही योगाभ्यास, भस्त्रिका प्राणायाम, कपाल भांति, सूर्यभेदी, नाड़ी शोधन प्राणायाम और सूर्य नमस्कार और कम से कम तीस मिनट धूप में बैठे, इन सभी को अपने दिनचर्या में शामिल करें।

### आत्मानंद स्कूल में लगा एफएलएन मेला



पलारी। बाल दिवस पर पी एम श्री स्वामी आत्मानंद पलारी में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एवं एसएमडीसी सदस्य राहुल पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रदर्शित प्रतिभा, रचनात्मकता और सीखने की उत्सुकता की सराहना की। यह मेला प्राइमरी एच एम विक्की प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मेले के सफल संचालन में शिक्षिकाओं श्रेया वर्मा और श्रेया वर्मा का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने विभिन्न शिक्षण–प्रदर्शन स्टॉल एवं गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन किया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रकार के शैक्षणिक और रोचक कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

### केपीएस स्कूल में हुए विविध आयोजन



पलारी। नगर के कुंती पब्लिक स्कूल में इस वर्ष भी बाल दिवस का कार्यक्रम हुआ, जिसमें अनेक प्रकार के पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। इसमें बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, फ्रॉक दौड़, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर संचालक दुलारी बाई वैष्णव, प्रभारी प्राचार्य प्रीति वर्मा, माला धीवर, अनिता यादव, आरती साहू, भारती साहू, रितु जांगड़े, गायत्री धीवर, लिना वैष्णव, थलेंद्र तेहरवंश, विमलेश मिश्रा, किरण फेकर, सुनीता साहू सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आयोजन : बच्चों ने पंडित नेहरू को किया याद, बालदिवस पर हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

# स्कूलों में लगा बाल मेला, बिखरी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में बाल दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष चित्र रेखा साहू ने आनंद मेले का शुभारंभ किया। इस आनंद मेला में विद्यालय के छात्र-छात्राएं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का 40 से 45 स्टॉल लगाए लगाए थे। व्यंजनों के लिए कूपन की व्यवस्था की गई थी, जो 5, 10, 20, 50, रुपए तक के थे। कूपन के माध्यम से स्टॉल में जाकर व्यंजनों का लुफ्त उठाया। स्टॉल में चाइनीस पकोड़े, गाजर हलवा, पानी पुरी, सोया चिल्ली, चना चाट, समोसा चाट, फास्ट फूड, मोमोज, राइस पकोड़ा, गुलाब जामुन, नड्डा, रोल, चाऊमीन, जंक्शन कचौड़ी, खस्ता कॉर्नर के अलावा खेलो गेम का स्टाल भी लगा था इसमें बाल इन टप बाल से गिलास गिरना इत्यादि गेम्स खेल कर आनंद उठाया ।

आनंद मेला में जनप्रतिनिधि पालक व शिक्षक शिक्षकों ने स्टालों का अवलोकन कर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। मेले को लेकर छात्र-छात्राएं उत्साहित थे साथ ही पालकों में भी उत्साह रहा। यह आनंद मेला सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक समापन हुआ। जिला पंचायत प्रतिनिधि को छात्रों ने दिया मांग पत्र बाल दिवस के अवसर में आनंद मेला में पहुंचे डोमन वर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि को विद्यालय के छात्रों ने साउंड बॉक्स उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया गया ।

इस अवसर में शाला विकास समिति के अध्यक्ष चित्र रेखा साहू, डोमन वर्मा, प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार सुखराम ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि विष्णु साहू, उप सरपंच राजेश साहू, सचिव प्रेमचंद वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, भुवनेश्वर ठाकुर, चिंतामणि साहू, उर्मिला वर्मा, प्राचार्य अवधेश वर्मा, दिलीप नामदेव, जसवंत वर्मा, निहारिका मिश्रा, मुकेश वर्मा, नेहा ठाकुर, दलजीत कौर, अनुराग जांगड़े, रवि सोनी, प्रमोद जोशी, राकेश वर्मा, आकाश भारती सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




### संयंत्र ने बाल दिवस पर 23 आंगनबाड़ी सेन्टर को मॉडल बनाने दी सामग्री



बलौदाबाजार। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा बाल दिवस पर कार्यक्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी सेंटर में बच्चों के संग बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने आंगनबाड़ी में सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया। अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने कार्यक्षेत्र के 30 आंगनबाड़ी सेन्टर में से 23 आंगनबाड़ी सेन्टर को मॉडल आंगनबाड़ी सेन्टर में परिवर्तित करने भवन का नवीनीकरण पेन्टिंग, दिवाल लेखन, चित्रों की पेन्टिंग तथा सहयोग सामग्री का वितरण किया। सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में आंगनबाड़ी सेन्टर को सुदृढ़ करने में संयंत्र अपनी भूमिका निभाएगा तथा सभी से आग्रह किया कि आंगनबाड़ी के सेवाओं का भरपूर लाभ उठाए। शासन द्वारा भी अल्ट्राटेक रावन सीएसआर की गतिविधियों को सराहा गया। बाल दिवस के दौरान निकटवर्ती ग्रामों के कुल 13 आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम तथा खेलकूद आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच रावन अमरसिंह नेताम, झीपन सरपंच संतोष वर्मा, गुमा सरपंच चन्द्रकांता साहू, उपसरपंच तुकेश यादव का सहयोग रहा। ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने में सीएसआर से सुरेन्द्र कुमार यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी एवं सुनीता निषाद की भूमिका रही।

### हायर सेकंडरी में मना बाल दिवस





गिधौरी। शुक्रवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर के यादव ने की। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूर्या वर्मा, पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मदन खाण्डेकर एवं पंचायत के पंच रिंकू गुप्ता, पंच बिरबल पटेल उपस्थित थे और पूजा अर्चना के पश्चात समस्त अतिथियों का गुलाल एवं पुष्प हार से स्वागत किया गया। प्राचार्य यादव द्वारा नन्हें मुन्नें बालक का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस बाल दिवस पर विद्यालय के समस्त व्याख्याता शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में लगा बाल मेला



सेल। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल के छात्रों ने पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल मेला में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का 14 नवंबर को जन्म हुआ था। उन्होंने सन 1947 में स्वतंत्रता के बाद प्रधानमंत्री बनने पर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका एक कश्मीरी पंडित परिवार में जन्म हुआ था, जिन्होंने इंग्लैंड में शिक्षा प्राप्त की और भारत लौटने पर राजनीति में प्रवेश किया। उन्हें चाचा नेहरू भी कहा जाता था और उनके जन्मदिन 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पं. जवाहरलाल नेहरू इलाहाबाद (प्रयागराज) में जन्म हुआ। बच्चों ने उत्साहवर्धक के लिए बाल मेला का स्टॉल लगाए गए थे। विभिन्न प्रकार का व्यंजन बनाये थे। स्कूल के बालक-बालिकाओं ने स्वयं सामान खरीदकर खाया और बाल मेला का भरपूर आनंद लिया। शुक्रवार को दोपहर एक बजे बाल मेले की शुरुआत हुई, जिसमें विभिन्न प्रकार का व्यंजन बनाए गए थे। इस अवसर पर प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, व्याख्याता सीएम साहू, शिक्षक भूपेंद्र कुमार साहू, हरप्रसाद साहू, छोटूदास मानिकपुरी, ओमप्रकाश साहू, रमहैया लाल कश्यप, जैकलिन हैरेज, योगीराज पैकरा, चंद्रप्रकाश साहू, रोहित लहरे, चिरंजवी गुप्ता, आरजू वर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## सीमेंट संयंत्र ने स्कूलों और आंबा केंद्रों में बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस




हिरमी-रावण। अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बाल दिवस पर ग्राम हिरमी में स्थानीय आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों के बच्चों के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा बाल दिवस के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत कविताओं, मनोरंजक खेल गतिविधियों एवं शैक्षणिक ज्ञान से संबंधित प्रस्तुतियों के साथ हुई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी छिपी प्रतिभाओं का परिचय दिया, जिससे पूरा माहौल उल्लास और ऊर्जा से भर गया।सत्र के दौरान बाल दिवस मनाने के उद्देश्य की जानकारी दी गई तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल-प्रेम और उनके विचारों से बच्चों को अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय की स्वच्छता और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर जीवन में आगे बढ़ने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को उपहार वितरित कर सम्मानित किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास टीम के सदस्य तारणी राजपूत, सविता वर्मा, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, उमाशंकर धीवर, रामनिहोर साहू एवं हेमलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

### पीएम श्री अंग्रेजी स्कूल में लगा बाल मेला



खरोरा। पी एम श्री भरत देवांगन इंग्लिश मीडियम स्कूल में बाल मेला आयोजित किया गया। कक्षा 6 और 8वीं की छात्राओं द्वारा सुन्दर गीत की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों ने भी बाल दिवस पर प्रार्थना सभा में बाल गीत गाया। बाल मेले में प्राइमरी से ले कर हाई स्कूल के बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा, भजिया, गुपचुप, पापड़ी चाट, इडली, पाव भाजी,ढोकला, पास्ता, मैगी, पकौड़ा, दही बड़ा, शेजवान राइस, केक, पेस्ट्री, कोल्ड ड्रिंक, मसाला सोडा, पान आदि के स्टाल लगाए। इस के अलावा आकर्षक गेम्स, मेंहदी स्टाल में छात्र छात्रों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। बच्चों का मनोबल बढ़ाने व्याख्याता शाहिना परवीन, स्कूल समिति के अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, हरजीत कौर व अन्य सदस्य के साथ ही संकुल समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### अंबुजा विद्यापीठ में बाल दिवस मना

अंबुजा विद्या पीठ, रवान में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाल दिवस की महत्ता को उजागर किया। विद्यार्थियों द्वारा समूहगान प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को मधुरता और ऊर्जा से भर दिया। हिंदी शिक्षिका गंगोत्री मिश्रा द्वारा हिंदी कविता पाठ ने वातावरण में साहित्यिक सौंदर्य घोल दिया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा समूह नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने खूब सराहा। कला एवं सृजनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु आयोजित 'एड मैड शो' का शुभारंभ हुआ। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों ने विशेष रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और अभिनय क्षमता से दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा चौथी की छात्रा काव्या शुक्ला के द्वारा हिंदी कविता पाठ किया गया। सदन प्रतियोगिता के अंतर्गत 'डांसिंग फीट्स' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य-कला का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की भूतपूर्व शिक्षिका सुश्री मंजुलिका नेल्सन द्वारा बालदिवस के उपलक्ष्य पर एक बहुत ही सुंदर मनमोहक गीत प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम उत्कृष्ट छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ संजय कुमार पाण्डेय अपने विचार रखे।








### बच्चों से अत्यधिक स्नेह करते थे चाचा नेहरू

पलारी। नगर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृत व्याख्याता डॉ कोमल वैष्णव ने कहा बच्चों से अत्यधिक स्नेह के कारण ही वे चाचा नेहरू कहलाए। व्याख्याता विजय कुर्रे ने कहा कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने नेहरू जी ने भारत छोड़ो आंदोलन चलाया अनेक बार जेल गए ऐसे स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी के जन्मदिन को बालदिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान क्षमा, अनिता यादव, गरिमा टंडन, अंजू वर्मा, नितेश पैगम्बर, युवराज साहू, प्रियंका रात्रे, आदि बच्चों ने देशभक्ति गीत भाषण आदि प्रस्तुत किए। बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य मनोज वर्मा संस्कृत व्याख्याता डॉ कोमल वैष्णव, विजय कुर्रे, ललित वर्मा, अरविंद धूव, पीके साहू, रविशंकर साहू , योगेश वर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, रश्मि ठाकुर, योगेश्वरी धुरंधर, पूजा जायसवाल, महेश्वरी वर्मा, गीतिका प्रधान, गीता श्रेय, प्रकाश चन्द्र धेनुसेवक सहित सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### बाल दिवस पर प्राथमिक शाला में एक्सप्लेन मेला लगा

घोटिया । बाल दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला कोदवा में एक्सप्लेन मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाकर बच्चों के लिए सीख और मनोरंजन से भरपूर वातावरण तैयार किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से जुड़े मॉडल, प्रोजेक्ट, चार्ट और प्रायोगिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा विज्ञान, गणित, पर्यावरण, भाषा और सामान्य ज्ञान से संबंधित नवाचारी मॉडल तैयार किए गए, जिन्हें देखकर पालकगण एवं उपस्थित अतिथिगण प्रभावित हुए। खासकर बाल वैज्ञानिकों ने घरेलू संसाधनों से प्रयोग बनाकर सीख कर दिखाने की अनूठी पहल प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शिक्षक शैलेन्द्र सुनवानी, लता साहू, शंकर साहू ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में जिज्ञासा, प्रतिभा और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को अपने मॉडल समझाने में सहयोग किया। मेले में शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की मेहनत और रचनात्मकता की सराहना की।




## पेज 03 के शेष

### जिले की आंबा...

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां महिलाओं ने अपना नाम रौशन नहीं किया हो। आज आवश्यकता इस बात की है हम लड़का-लड़की में परिवार स्तर पर किए जाने वाले भेदभाव को समाप्त कर घर की बेटियों को भी समान अवसर प्रदान करें। समाज में बढ़ते हुए नशे के उपयोग एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की एवं नशे के विरूद्ध जन अभियान संचालित करने की अपील की। इसके साथ ही बाल विवाह मुक्त बलौदाबाजार बनाने एवं बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ का संकल्प उपस्थित प्रतिभागियों को दिलाया।

### समर्थन मूल्य पर ...

करना अनिवार्य है। समितियों/उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा से धान खरीदी का कार्य किया जाएगा।उड़नदस्ता गठन एवं चेक पोस्ट-अवैध रुप से धान बेचने वाले कोचिया एवं व्यापरियों को रोकने के लिये जिले में उड़नदस्ता गठन दल का आवश्यकता अनुसार गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल में कृषि, राजस्व, खाद्य, सहकारिता, मंडी के अधिकारियों-कर्मचारियों का ड्यूटी लगाई गई है।

### बायसन शिकार के...

अस्वीकृत करने की मांग की। प्रस्तुत तर्कों से सहमत होते हुए अपर तृतीय सत्र न्यायाधीश विवेक गर्ग ने आरोपी की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया। अदालत ने टिप्पणी की कि संरक्षित वन्यजीवों का अवैध व बेतहाशा शिकार न सिर्फ पर्यावरण संतुलन के लिए घातक है, बल्कि मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। न्यायालय ने कहा कि ऐसे अपराधों पर कठोर रुख अपनाने से शिकारियों के मन में भय उत्पन्न होगा और वन्यप्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### शिक्षिका की पुन...

उच्च कार्यालय को प्रेषित की गई। इसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें शासकीय प्राथमिक शाला दुलदुला में अध्यापन व्यवस्था की गयी फिर संशोधित आदेश जारी कर शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में अध्यापन व्यवस्था की गई। उक्त मौके पर शिकायतकर्ता नुमान सिंह साहू, सरपंच ओमप्रकाश बंजारे, उप सरपंच नागेश्वर जोशी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष काशीराम साहू, उपाध्यक्ष तीरथ राम ध्रुव, सदस्य राजू जोशी, मीना साहू, कुलेश्वरी जोशी, गायत्री साहू, ज्योति जोशी, पालक गण गायत्री जोशी, सोनिया ध्रुव, इंद्र ध्रुव, सरस्वती ध्रुव, इंद्राणी जोशी धानभाई यदु, पीला राम साहू, सहित ग्रामीणजन एवं महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जीवनदीप समिति की ...

लैब कक्ष एवं नेत्र कक्ष के लिए नए स्थान पर स्थानांतरण का चयन, वर्तमान बिल्डिंग के मरम्मत कार्य रंग पोतन, अस्पताल की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा, पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें अध्यक्ष, तहसीलदार, सरपंच द्वारा बैठक में सभी एजेंडों पर अपनी सहमति दी। साथ ही नए भवन के लिए प्रस्ताव प्रभारी मंत्री को उचित माध्यम उसे भेजे जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। अस्पताल के मरम्मत कार्य के लिए सीएसआर न्यूको सीमेंट से कार्य कराए जाने कलेक्टर को उचित माध्यम से पत्र भेजने हेतु सहमति प्रदान की गई। उपरोक्त बैठक जितेंद्र धुरंधर द्वारा दान में 15 नग फाइबर कुर्सी देने, गणेश राम साहू सरपंच द्वारा 5 नग सीमेंट बेंच देने, परेश वैष्णव द्वारा सेंट्रल माइक सिस्टम देने एवं जितेंद्र खूंटे 2 नग अलमारी देने की घोषणा की गई। उपरोक्त बैठक में ग्राम के जनप्रतिनिधियों साथ महिला बाल विकास विभाग की तरफ से पर्यवेक्षक निर्मला वर्मा एवं प्राथमिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा के स्टाफ उपस्थित रहे जिसमें डॉ कृतांत सोनवानी चिकित्सा अधिकारी, वेगेश्वर यदु नेत्र सहायक अधिकारी, उमा साहू महिला पर्यवेक्षक, दुर्गेश साहू ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, तुषार टंडन, अमरनाथ साहू सीएसआर वालेंटियर गायत्री वर्मा, अनिल जांगड़े एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## एसपी ने एमटी और रक्षित केंद्र के सामान व उपकरणों निरीक्षण किया



**बलौदाबाजार**। रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में यातायात, एमटी एवं रक्षित केंद्र के समस्त साजो सामान एवं उपकरणों का प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा उक्त सभी सामग्रियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त सामग्री एवं उपकरणों की उपयोगिता एवं कार्य के संबंध में संक्षिप्त जानकारी ली गई। अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर को उपरोक्त सभी सामग्रियों एवं उपकरणों की समुचित एवं सही तरीके से देखरेख करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान निरीक्षण कार्यक्रम में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, कौशल कुमार वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैंप कसडोल, निरीक्षक रितेश मिश्रा थाना प्रभारी सिमगा, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना प्रभारी राजादेवरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, सिमगा**
**मामले की श्रेणी राजस्व**

संदर्भ- जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, तहसील-सिमगा प.ह.नं. 00024 भैंसा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526500607100004

**// ईश्तहार //**

तहसील सिमगा के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम भैसा के वर्तमान भूमिस्वामी बिसरु पिता/पति-घुरुवा पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 179 (0.1100), 199(0.1100), 336(0.1600), 342(0.2200), 737(0.1600), 740(0.3900), 1203 (0.0100), 1206 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जितेन्द्र साहू पिता/पति तीजऊराम साहू पता-ग्राम भैंसा भूपेन्द्र कुमार साहू पिता/पति-तीजउराम साहू पता ग्राम भैंसा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/11/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार, सिमगा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

Anurag Bhatt
तहसीलदार
तहसील सिमगा

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025

स्कूलों में लगा बाल मेला, बिखरी खुशियां 02



श्रीराम के वनवास और सीता हरण कथा पर ... 04





# जिले की आंबा कार्यकर्ता व सहायिका उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला स्तर पर किया सम्मान, प्रतिभावान छात्राएं भी हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जिले की सभी बाल विकास परियोजनाओं से उत्कृष्ट कार्य करने वाली एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सम्मानित किया।

मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा उक्त आयोजन में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत कक्षा 10वी एवं 12वी में जिले में मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाली दो-दो बालिकाओं को 5000 एवं 3000 रूपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए भाषण वाचन, रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा बेटियों के संरक्षण, बेटियों के साथ वर्तमान समय में हो रहे दुर्व्यवहारों पर केन्द्रित चित्रकला तथा रंगोली के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। भाषण वाचन में बालिका सुरक्षा को लेकर हृदयस्पर्शी विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा, परियोजना अधिकारी सरस्वती चंद्रवंशी, जिला ▶▶ शेष पेज 02 पर





### नशे के विरूद्ध करने की अपील की

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां महिलाओं ने अपना नाम रौशन नहीं किया हो। आज आवश्यकता इस बात की है हम लड़का-लड़की में परिवार स्तर पर किए जाने वाले भेदभाव को समाप्त कर घर की बेटियों को भी समान अवसर प्रदान करें। समाज में बढ़ते हुए नशे के उपयोग एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त की एवं नशे के विरूद्ध जन अभियान संचालित करने की अपील की। इसके साथ ही बाल विवाह मुक्त बलौदाबाजार बनाने एवं बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ का संकल्प उपस्थित प्रतिभागियों को दिलाया।

## खबर संक्षेप

### विशेष ग्रामसभा का आयोजन आज

बलौदाबाजार। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय मौरय दिवस 2025 समारोह एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के संबंध में सेवा केन्द्र पर जन सुनवाई सत्र का आयोजन प्रत्येक ग्राम में विशेष ग्रामसभा का आयोजन 15 नवम्बर को किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने विशेष ग्रामसभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। ग्रामसभा में शत प्रतिशत उपस्थिति गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा।विशेष ग्रामसभा में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित करना, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक सहभागिता का आयोजन, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक मोबिलाईजेशन, प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत पर चर्चा, ओडीएफ स्वायित्व पर चर्चा, सूखा कचरा कलेक्शन पर भी चर्चा होगी।

### शीतलहर से बचने अलाव बना सहारा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। मौसम साफ होते ही अंचल में शीतलहर का असर देखा जा रहा है। लोग ठंड से बचने अलावा का उपयोग करने लगे हैं। वहीं ठंड बचने लोग गर्म कपड़े पहने लगे हैं। वृद्ध, युवा, बुजुर्ग, सुबह ठंड के चलते घरों अलाव जलाकर ठंड से निजात पा रहे हैं। रावन निवासी योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा ने कहा सभी लोग ठंडे में स्वस्थ रहने गिलोय का उपयोग करें, ज्यादा खांसी हो तो सोने से पहले अदरक को आवश्यकतानुसार चबा-चबाकर कर सेवन करें या फिर गुड़ के साथ काढ़ा बनाकर, साथ ही योगाभ्यास, भस्त्रिका प्राणायाम, कपाल भांति, सूर्यभेदी, नाड़ी शोधन प्राणायाम और सूर्य नमस्कार और कम से कम तीस मिनट धूप में बैठे, इन सभी को अपने दिनचर्या में शामिल करें।

### जीवनदीप समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर बनी सहमति



**रिसदा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा में जीवन दीप समिति की बैठक सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार की अध्यक्षता आयोजित की गई। बैठक में जीवनदीप समिति के सचिव एवं संस्था प्रभारी डॉ अविनाश केसरवानी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिसदा के लिए एजेंडा की जानकारी दी गई, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए नए भवन की मांग, नए ओपीडी कक्ष के निर्माण, ▶▶ शेष पेज 02 पर

## इस वर्ष जिले में धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 9 लाख 15 हजार मीट्रिक टन

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से

### 129 सहकारी समितियों के माध्यम से 166 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 65 हजार पंजीकृत किसानों से होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के 129 सहकारी सेवा समितियों के माध्यम से 166 उपार्जन केंद्रों में एक लाख 65 हजार पंजीकृत कृषकों से धान की खरीदी की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस वर्ष समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु जिले का अनुमानित लक्ष्य 9 लाख 15 हजार मीट्रिक टन रखा गया है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु समर्थन मूल्य धान पतला दर 2389 रूपये प्रति क्विंटल एवं धान मोटा एवं सरना दर 2369 रूपये प्रति क्विंटल दर निर्धारित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिग खरीदी सहित निर्धारित की गई है। समितियों द्वारा सोमवार से शुक्रवार तक शासकीय अवकाश के दिवसों को छोडकर धान खरीदी की जायेगी तथा प्रत्येक शनिवार को क्रय किये गये धान की मात्रा, बारदानों का उपयोग तथा समिति को धान उपार्जन हेतु प्राप्त राशि के व्यय की पुष्टि धान खरीदी सॉफटवेयर में ▶▶ शेष पेज 02 पर





### 12 चेक पोस्ट स्थापित

उड़न दस्ता दल द्वारा जिले में धान बेचने वाले कोचिया एवं व्यापारियों की सूची के आधार पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, जहां भी अवैध रूप से थान संग्रहण एवं खरीदी की जानकारी मिलने पर तत्काल जांच की जाएगी। जांच में अवैध रूप से खरीदी-बिक्री करना पाये जाने पर उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जिले में 12 चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। चेक पोस्ट में ड्यूटी मंडी, राजस्व विभाग, मंडी, वन विभाग, नगर सेना की पाली-पाली में लगाई गई है। चेकपोस्ट में बाहरी राज्यों से प्रवेश करने वाले वाहनों का विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# बायसन शिकार के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वन परिक्षेत्र अर्जुनी वनमंडल बलौदाबाजार में विद्युत करंट युक्त तार बिछाकर एक गर्भवती गौर बायसन का अवैध शिकार कर दिया गया। गौर बायसन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची में संरक्षित प्राणी है। बायसन के शरीर के अंग अलग-अलग स्थानों पर बिखरे मिलने की सूचना 25 अक्टूबर को वन विभाग को प्राप्त हुई।

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी व कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की, परंतु प्रारंभिक पूछताछ में कोई सुराग न मिलने पर उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद से स्निफर डॉग टीम की सहायता ली गई। टीम की मदद से जांच आगे बढ़ी और संदिग्धों की पहचान होने पर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों राजकुमार, समेलाल, रामचंद्र, श्रवण चौहान व दिनेश कोड़ाकू द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों ने बायसन के शव को टुकड़ों में काटकर अलग-अलग स्थानों पर छिपाने की बात भी कबूल की।

- फरार आरोपियों की खोजबिन में जुटा वन अमला

वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी समेलाल यादव समेत एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृत बायसन गर्भवती थी, जिसका अजन्मा बच्चा भी इस क्रूर शिकार का शिकार हो गया।

जमानत याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान सरकारी अभियोजक लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि संरक्षित वन्यप्राणियों का शिकार एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है। उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा खतरा बताया और जमानत ▶▶ शेष पेज 02 पर

# शिक्षिका की पुनः ज्वाइनिंग का विरोध ग्रामीणों ने स्कूल में की तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड के प्राथमिक शाला लांजा में पदांकित सहायक शिक्षक एलबी अमर ज्योति चंद्राकर के पुनः कार्यभार ग्रहण आदेश का ग्रामवासियों ने जोरदार विरोध किया। ग्राम के पालकगण शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य सरपंच सहित पंचगण एवं जन समुदाय ने सर्वसम्मति से विद्यालय परिसर में तालाबंदी की। गौरतलब है कि सुशासन तिहार में शिक्षिका के विरुद्ध समय पर विद्यालय ना आने मध्यांतर के बाद विद्यालय छोड़ने तथा कक्षा में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग करने की शिकायत दर्ज की गई थी, तत्पश्चात जांच अधिकारी द्वारा शिकायत को सत्य पायी गयी और रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 02 पर

- शिक्षिकों उनके मूल शाला साहू पारा कचलोन भेजे जाने पर अड़े ग्रामीण

### जिला शिक्षा अधिकारी के संशोधित आदेश पर पालकों ने उठाये सवाल

ग्रामवासियों एवं शिकायतकर्ता का कहना है कि शिकायत सिद्ध होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया की शिक्षिका को पुनः शासकीय प्राथमिक शाला लांजा में कार्यभार दिया जाए। जबकि उक्त शिक्षिका 13 फरवरी 2015 से प्राथमिक शाला में अध्यापन व्यवस्था हेतु पदांकित है। उनका मूल शाला शासकीय प्राथमिक शाला साहू पारा कचलोन है। ग्रामीणों ने इनका जोरदार विरोध करते हुए कहा कि हम उक्त शिक्षिका को शासकीय प्राथमिक शाला लांजा में जॉइनिंग नहीं देंगे, उन्हें उनके मूल शाला शासकीय प्राथमिक शाला साहू पारा कचलोन भेजा जाए। ग्रामवासियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से तथ्यों एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर बच्चों के भविष्य और स्कूल के वातावरण को ध्यान में रखकर न्याय संगत निर्णय लेने की मांग की है अन्यथा आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

### रासेयो ने सुमा में लगाया शिविर

**भाटापारा**। राष्ट्रीय सेवा योजना योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सुमा में किया गया है। शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत सुमा के सरपंच शैलेंद्र कुमार वर्मा व महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला तथा अध्यक्ष डॉ. वंदना चौहान द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में उप सरपंच नरेंद्र वर्मा, सचिव रमेश भारद्वाज व महाविद्यालय की सहायक अध्यापक साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित हुए। स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम राजकीय गीत, एनएसएस, लक्ष्य गीत, संगीत, नाटक,विभिन्न नारे प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आभार व्यक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भावना हेनवार द्वारा सेवा ही जीवन है अनुशासन और समर्पण है का संदेश देते हुए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 नवम्बर 2025
SHOW TIME
एम.ए प्रीवियस सीजी
शो समय - 12:00, 6:00 PM
माटी सीजी
शो समय - 03:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### नाचबो-नचाबो डांस प्रतियोगिता आज

**घोटिया।** ग्राम खम्हरिया (चांपा) में आज नाचबो-नचाबो डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी होंगे। प्रतियोगिता सामूहिक, युगल और एकल श्रेणियों में आयोजित की जाएगी, जिनमें विजेताओं को प्रथम सामूहिक, युगल, एकल 12 हजार, 5 हजार और 3 हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इस आयोजन की घोषणा के बाद से ही क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के दीपक साहू ने इसकी जानकारी दी।

### छात्रों को दी गई कानून की जानकारी

**पलारी।** बाल दिवस पर शुक्रवार को पलारी के पूर्व माध्यमिक शाला कौड़ीया के बच्चों को कानून की विधिक जानकारी से अवगत कराया गया। शुकदेव सेन पैरालीगल वालेंटियर थाना पलारी, प्रीतम बंजारे पैरालिगल वालिंटियर थाना गिधपुरी के द्वारा ऑनलाइन साइबर क्राइम, बाल अपराध, बाल विवाह एवं फेरी वालों के बारे में जानकारी दी साथ ही मोटरसाइकिल एक्ट के बारे मे बताया। इस दौरान प्रधानपाठक मेघराम जायसवाल एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### बगबुड़ा में लगा मड़ई-मेला



बगबुड़ा। मड़ई मेले का आयोजन शुक्रवार को ग्राम बगबुड़ा के नया तालाब गोठान में किया गया। मेले में आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ, जिसका लोगों ने लुत्फ उठाया।

### ब्लॉक स्तर पर हुआ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सम्मेलन



सिमगा। एकीकृत बाल विकास परियोजना सिमगा में 14 नवंबर को बालदिवस एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस की उपलक्ष्य पर उनके सम्मान हेतु परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों के शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा, गर्भवती एवं शिष्यवर्ती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 10 सहायिकाओं का सम्मान किया गया। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के द्वारा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के द्वारा सुआ नृत्य, पंथी नृत्य एवं राउत नाचा तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे, अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे द्वारा शासन के इस पहल की सराहना करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के कार्यों को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी जी आर नारंग, एडिशनल सीईओ गेंद्र एवं सेक्टर पर्यवेक्षक, भाजपा नेता हेमसिंग चौहान तथा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं उपस्थिति रही।

# श्रीराम के वनवास और सीता हरण कथा पर भाव विभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में श्रीराम कथा का आयोजन जारी है। क्षेत्र का प्रथम नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन है। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से ग्राम की खुशी महिला समूह के अगुवाई में किया जा रहा है जिसमें में ग्राम की समस्त महिला समूह मिलकर सहयोग प्रदान कर रही है। यह कथा 15 नवंबर को होगा।

इसमें क्षेत्र से प्रमुख कथावाचकों आमंत्रित किया गया है। जहां प्रतिदिन श्रीरामचरितमानस का पाठ मानस खंड के अनुसार किया जाता है। इसमें श्रीराम के वनवास पर आधारित कथावाचन किया गया, जहां खरदूषण वध, सीता हरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कथा सुबह सात से शाम सात बजे तक जारी है। कार्यक्रम में प्रतिदिन बहुत सारे कथावाचक आ रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य सलाहकार फिरत राम पटेल है। इस कार्यक्रम में मुख्य आचार्य के रूप में हेतराम तिवारी है और प्रमुख प्रवचनकर्ता के रूप में अंतराम पलारी से, निर्मलकर अमेरा से, गंगाराम धमलपुर, मन्नु कसडोल, गंगाराम पटेल कौवाताल, अस्थिरदास महाराज, विश्वनाथ निर्मलकर, श्रीबद्री प्रसाद पटेल ग्राम पिसीद है।

**पिसीद में महिला समूहों ने किया नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन, आज समापन**





## वारदात : हटरीबाजार में गौवंश की हत्या का प्रयास, शहर में उबाल

# बछड़े के हत्या का प्रयास, विरोध में शहर बंद थाने के समक्ष आंदोलन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में बीते 13 नवंबर को रात 9.30 बजे के आसपास हटरीबाजार इलाके में एक गौवंश का गला रेतकर मारने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे लोगों को जानकारी मिलने पर वहां पहुंचे और गौवंश को घायल अवस्था में गला रेतने से पहले उसे बचा कर उसका तत्काल उपचार कराया गया। गौवंश अभी ठीक है, वहीं यह कृत्य करने वाला आरोपी वहां से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने 10 घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा। इस घटना से नाराज गौभक्त व सनातनी युवा संगठन के लोग रात में आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपी की खोजबीन शुरू की। वहीं 14 नवंबर की सुबह गौभक्त व सनातनी युवा संगठन के लोग जयस्तंभ चौक में एकत्रित होकर इस घटना के विरोध में शहर की दुकानों बाजार को बंद कराने निकले। आक्रोशित गौभक्त शहर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी करते रहे। वहीं गौभक्त सदरबाजार, हटरीबजार सहित अन्य बाजार की दुकानें पूरी तरह बंद रख गौमाता का समर्थन किया। एडीशनल एसपी के समक्ष यह मांग रखी गई कि गौमाता पर हमला करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं आरोपी का जूलूस शहर में निकाला जाए। भाटापारा में जितनी भी अवैध मांस मटन की दुकानें हैं उसे तत्काल बंद करायी जाए। गौभक्त लगभग घंटेभर थाना के सामने प्रदर्शन करने के बाद शहर थाना के समक्ष पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन की ओर से एडीशनल एसपी एचएस सिदार, एसडीओपी तारेश साहू, ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

इस संबंध में एडीशनल एसपी एचएस सिदार ने बताया शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 325 बीएनएस एवं पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में शहर पुलिस ने आरोपी हटरी बाजार निवासी 29 वर्षीय इमरान कुरैशी को हिरासत में लिया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद की गई। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

**घायल गौवंश का कराया गया तत्काल उपचार, स्थिति अब सामान्य**







### देर शाम थाना पहुंचीं एसपी भावना गुप्ता

बछड़े की हत्या के खिलाफ नगरवासियों का आंदोलन देख देर शाम एसपी भावना गुप्ता शहर थाना पहुंचीं। इस बीच आंदोलनकारी ओरापी का शहर में जुलूस निकाले जाने की मांग पर अड़े रहे, जहां एसपी की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। एसपी ने कहा इस कृत्य के आरोपी के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आंदोलनकारियों को समझाइश दी कि सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस निकालना उचित नहीं है, जिसे प्रदर्शनकारियों ने स्वीकार किया और आंदोलन समाप्त किया। एसपी ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारा बनाये रखे, ताकि शहर में शांति बनी रहे। एसपी के साथ एडिशन एसपी अभिषेक सिंह भी मौजूद थे।

# आधे घंटे में दो युवकों पर चाकू से हमला, क्षेत्र में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

पलारी थाना क्षेत्र में बाइक सवार चाकूबाजों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तीन युवकों का गिरोह लूट और हमला करने की वारदात को खुलेआम अंजाम दे रहा है, जबकि पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को पकड़ नहीं पाई है। गुरुवार को आधे घंटे के भीतर दो युवकों को चाकू मारकर लूटने की घटनाओं ने इलाके में भय और नाराज़गी दोनों को बढ़ा दिया है।

पहली घटना गुरुवार दोपहर करीब 2.30 बजे खोरसी नाला टेमरी मोड़ पर हुई। राधेश्याम नवरंगे 34 बस का इंतज़ार कर रहे थे, तभी तीन बाइक सवार युवकों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने उनसे 7000 रुपये और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित के गिड़गिड़ाने के बावजूद आरोपियों ने उनके दोनों पैरों की जांघ में तीन बार चाकू घोंपकर फरार हो गए।

घटना के मात्र 30 मिनट बाद घोटिया मोड़ पर जीवन बघेल 33 भी उन्हीं अपराधियों का शिकार बने। आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर 700 रुपये छीने और फिर उनके पैर में तीन बार चाकू घोंप दिया। दोनों घटनाओं में शामिल तीनों आरोपी एक ही बाइक पर सवार बताए जा रहे हैं। पीड़ितों ने मुख्य आरोपी के गले पर टैटू होने की जानकारी भी पुलिस को दी है।





स्थानीय विधायक संदीप साहू ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई आवश्यक है।

थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और गवाहों से पूछताछ जारी है। हालांकि अब तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। लगातार हो रही वारदातों के बाद पुलिस पर आरोपियों को पकड़ने का दबाव बढ़ गया है।

## नपा ने की चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था ...

**बलौदाबाजार|** मौसम साफ होने पर तापमान में गिरावट आई हैं, जिससे जिले में ठण्ड बढ़ गई है। शाम ढलते ही ठण्ड और बढ़ने लगती है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर लोगों को ठण्ड से राहत देने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के चौक-चौराहों पर शाम को अलाव की व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड एवं गार्डन चौक में ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था की गई है। इसी तरह अन्य नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में भी अलाव की व्यवस्था की जा रही है।



### शपथ ग्रहण कल

**बगबुड़ा।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लॉक लवन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 16 नवंबर को रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले के मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे के अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि सुश्री इंदू जांगड़े सभापति जिला पंचायत, प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी, गणेश बघेल, सुशील बंजारे सहित जिला पदाधिकारी तथा ब्लॉक पदाधिकारियों की गरिमा में उपस्थिति में दोपहर 12 बजे सतनाम भवन लवन में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित है। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र डहरिया ने बताया कि जिला एवं सभी ब्लॉक के सामाजिक पदाधिकारियों को तथा लवण ब्लॉक के समाज के साटीदार भंडारी अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि तथा पंच सरपंच व समाज के सभी वरिष्ठ जनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

# जिले में दो पुल का निर्माण पूर्ण, आवागमन हुआ सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिये राज्य शासन द्वारा पुल-पुलियों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिले में 4 करोड़ 38 लाख की लागत के 2 वृहद पुल का निर्माण पूर्ण किया गया है। इन पुलों के निर्माण से जहां आवागन सुगम हुईं है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की राहें खुली है।

विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत बिटकुली-खटियापाटी-सुढ़ेला से जुड़ा आरडी-2600 मीटर पर 267.91 लाख की लागत से मल्लीन नाला पर 75 मीटर वृहद पुल निर्माण एवं लवन सिरियाडीह से पैसर आरडी-950 मीटर पर 170.52 लाख की लागत से 20 मीटर वृहद पुल निर्माण विगत जून माह में पूर्ण हुआ है। इन पुलों के निर्माण से करीब 10 गांव के लोगों को सुविधा मिली है।





## अब तक 442.16 क्विंटल बीजों का किसानों को वितरण हुआ

# उच्च गुणवत्ता के 1692.18 क्विंटल बीजों का समितियों में भण्डारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कृषि विभाग द्वारा रबी फसलों के लिए किसानों को वर्ष 2025-26 हेतु उच्च गुणवत्ता वाले आधार एवं प्रमाणित बीज समय पर उपलब्ध कराने की व्यापक व्यवस्था की गई है। कृषकों को गेहूं, चना, मसूर, तिवड़ा, सरसो, अलसी एवं अन्य प्रमुख रबी फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीजों का वितरण सहकारी समितियों, कृषि विभाग के कार्यालयों, बीज प्रक्रिया केन्द्र, छेरकापुर (पलारी) एवं कृषक उत्पादक संगठनों एफपीओएस के माध्यम से किया जा रहा है। किसान उक्त स्थानों से रबी बीज का जल्द उठाव कर सकते हैं।

जिले की कुल बीज मांग 4872.85 क्विंटल के विरुद्ध अब तक कुल 1692.18 क्विंटल बीजों का भण्डारण किया जा चुका है, जिसके विरूद्ध कुल 442.16 क्विंटल बीजों का कृषकों को वितरण किया गया है। किसानों को आधार एवं प्रमाणित बीज वितरण कराने उद्देश्य है कि किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। साथ ही किसान अपने क्षेत्र की मिट्टी और जलवायु के अनुसार उपयुक्त फसल किस्मों का चयन करें तथा कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी तकनीकी सलाह ले सकते हैं। साथ ही कृषि विभाग द्वारा किसान को बुवाई से पूर्व बीजोपचार अवश्य करें, जिससे फसल रोगों से सुरक्षित रहे एवं उत्पादन में वृद्धि हो सके।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि बीज उठाव में किसी प्रकार की असुविधा होने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के माध्यम से रबी फसलों हेतु भी शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।



